प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट: www.rbi.org.in/hindi
Website: www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

3 अप्रैल 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने श्री नीरज निगम को नए कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 3 अप्रैल 2023 से श्री नीरज निगम को कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

कार्यपालक निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पूर्व, श्री नीरज निगम बैंक के भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्यरत थे।

श्री निगम ने तीन दशकों से अधिक समय तक भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय कार्यालय के साथ-साथ क्षेत्रीय कार्यालयों में विनियमन और पर्यवेक्षण, मानव संसाधन प्रबंधन, परिसर, मुद्रा प्रबंधन, बैंक खाते और अन्य क्षेत्रों में कार्य किया है।

कार्यपालक निदेशक के रूप में, श्री निगम निम्नलिखित कार्यभार संभालेंगे:

i) उपभोक्ता शिक्षण और संरक्षण विभाग
ii) वित्तीय समावेशन और विकास विभाग
iii) विधि विभाग
iv) सचिव विभाग

श्री निगम ने सर्टिफाइड एसोसिएट ऑफ इंडियन इन्स्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (सीएआईआईबी) की व्यावसायिक योग्यता के अतिरिक्त बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री अर्जित की है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/2